# चीनी उत्पादन में कमी का कीमत पर असर नहीं

अमर उजाला ब्यूरो



नई दिल्ली। चीनी विशेषज्ञों के अनुमान के मुताबिक चीनी के उत्पादन में कमी आने लगी है। चालू चीनी सीजन में 15 मार्च तक चीनी का उत्पादन 221.30 लाख टन रहा, जबकि पिछले साल के चीनी सीजन में 15 मार्च तक 221.57 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया था। इस साल फरवरी तक चीनी के उत्पादन में बढ़ोत्तरी चल रही थी। चीनी विशेषज्ञ पहले ही इस साल चीनी के उत्पादन में पिछले साल की तुलना में गिरावट की संभावना जाहिर कर चुके हैं। हालांकि चीनी के उत्पादन में कमी से फिलहाल इसकी कीमत में बढ़ोत्तरी की कोई आशंका नहीं है।

इंडियन शुगर मिलर्स एसोसिएशन (इस्मा) के मुताबिक, पिछले साल के मुकाबले इस साल काफी कम संख्या में चीनी मिलें चल रही हैं। इस साल 15 मार्च तक 325 चीनी मिलें चल रही थीं

- इस साल अब तक 189 मिलों में बंद हो चुका है पेराई कार्य

जबकि पिछले साल इन मिलों की संख्या 473 थी। इस्मा के मुताबिक इस साल के चीनी सीजन में अब तक 189 मिलें पेराई का काम बंद कर चुकी हैं। इनमें 31 मिलें उत्तर प्रदेश की हैं, 91 महाराष्ट्र की, 36 कर्नाटक की तो 10 मिलें बिहार की हैं। पेराई का काम बंद करने वाली मिलों में गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना व उत्तराखंड की मिलें शामिल हैं। इस साल 15 मार्च तक महाराष्ट्र की चीनी मिलों ने 76.77 लाख टन चीनी का उत्पादन किया जबकि पिछले साल इस अवधि तक महाराष्ट्र में 84.07 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया था।